# दबंगों ने बीहड़-गोचर भूमि पर किया कब्जा, जल्द हटाया जाए

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 3 फरवरी।** कलेक्टर साहब, हम लोग पहाड़गढ़ तहसील के सिंगरौली के रहने वाले हैं। हमारे यहां बीहड़ की गोचर भूमि का गांव के दबंगों ने पटवारी के साथ मिलकर फर्जी पट्टा करवा लिया है और उस पर कब्जा कर उसे जोत रहे हैं। इतना ही नहीं दबंगों ने इस जमीन पर अवैध निर्माण करते हुए श्मशान भूमि पर भी अतिक्रमण कर लिया है, जिससे ग्रामीणों को अपने परिजन का अंतिम संस्कार खेत.खलिहानों में करना पड़ रहा है। यह शिकायत मंगलवार को जनसुनवाई में ग्रामीणों ने कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ से की।

**जनसुनवाई में कलेक्ट्रेट पहुंचे 340 आवेदक, ननि आयुक्त को मिले 12 आवेदक**

**सिंगरौली पंचायत में 20 से 25 करोड़ का घोटाला, 3 जांचें हुई लेकिन कार्रवाई नहीं :** नसुनवाई में सिंगरौली पंचायत से ही आए सोबरन सिंह सिकरवार ने आवेदन देकर कहा कि हमारी पंचायत में 20 से 25 करोड़ का भ्रष्टाचार हुआ है। जिसकी शिकायत मैने तथ्य सहित की। इसकी जिपं में पदस्थ अधिकारी, कर्मचारियों की टीम ने तीन बार की लेकिन अभी तक जांच रिपोर्ट सार्वजनिक कर दोषियों पर कार्रवाई नहीं की जा रही है।

**सरकारी भूमि से कब्जा हटाकर श्मशान बनाया जाए :** रैरा क्षेत्र की गांगोली हार पंचायत के बरखापुरा से आए ग्रामीणों ने भी शिकायत की है कि गांव के ही सर्वे नंबर 132 पर रकबा 0.1600 हेक्टेयर सरकारी जमीन है। इस उपजाऊ जमीन का उपयोग दबंग फसल उगाने के लिए कर रहे हैं। इसलिए इस जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराकर यहां श्मशान घाट का निर्माण कराया जाए।

**शहर की बौद्ध बिहार कॉलोनी में सड़क, बिजली, पानी की समस्या :** मुरैना नगर निगम के वार्ड क्रमांक तीन बौद्ध बिहार कॉलोनी से आए एक दर्जन से अधिक लोगों ने जनसुनवाई में आवेदन देकर शिकायत की है कि हमारी कॉलोनी में बिजली, पानी, सड़क की सुविधा नहीं है। बारिश में चहुंओर कीचड़ पसरा हुआ है, जिससे पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया है। आवेदन देने वालों में लोकेंद्र सिहं, मोहन, शंकर, सुधा, समीर, सहदेव, बंटी, बृजेश आदि लोग प्रमुख थे।

**340 आवेदक आए, कलेक्टर ने लाइन में खड़े होकर सुनी फरियाद :** मंगलवार को कलेक्ट्रेट में हुई जनसुनवाई में 340 आवेदक आए। पहले तो कलेक्टर ने सभागार में बैठकर लोगों के आवेदन लिए। इसके बाद वह खुद खड़े होकर कतारबद्ध भीड़ के पास पहुंचे और एक-एक वयक्ति का आवेदन लेकर समस्या निराकरण का आश्वासन दिया। इस दौरान 42 आवेदन टीएल के लिए मार्क किए। वहीं चंबल संभागायुक्त भवन में भी कमिश्नर सुरेश कुमार ने 12 लोगों की बिजली, पानी, सड़क, अवैध कब्जा, नामांकन-सीमांकन न होने जैसी शिकायतें सुनीं।

**हत्या के मामले में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग**

जनसुनवाई में एसपी ऑफिस पहुंचे मृतक के परिजन ने बताया कि करीब एक महीने पहले अलापुर क्षेत्र में हमारे परिवार के टिंकू गुर्जर की मारपीट कर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में आरोपी अनिल गुर्जर सहित उसके परिजन फरार चल रहे हैं। यह फरार आरोपी व उसके परिजन हत्या के मामले में राजीनामा करने का दबाव बना रहे हैं और आए दिन धमकियां दे रहे हैं। पीड़ित परिजन ने पुलिस अधीक्षक से आरोपी को तत्काल गिरफ्तार कर सुरक्षा देने की मांग की है।



## 12 को हड़ताल पर रहेंगे आंबा कार्यकर्ता-सहायिका

**मुरैना/जौरा, 3 फरवरी।** देशव्यापी आंदोलन के तहत आगामी 12 फरवरी को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका लंबित मांगों को लेकर हड़ताल पर रहेंगे। हड़ताल पर जाने की सूचना देने के लिए जौरा परियोजना शहरी एवं ग्रामीण की कार्यकर्ता, सहायिकाओं ने मंगलवार को परियोजना अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में उनके द्वारा बताया गया है कि चारों श्रम संहिताओं और नियमों को खत्म किए जाने, कार्यकर्ता, सहायिकाओं को ट्रेड यूनियन अधिकार की मान्यता दिए जाने, आईसीडीएस को संस्थागत बनाए जाने, नियमितीकरण सहित अन्य मांगों को लेकर 12 फरवरी को देशव्यापी आंदोलन के तहत हड़ताल पर जाने का आव्हान किया गया है। जिसके तहत मुरैना जिले में भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका हड़ताल पर रहेंगे।

**जौरा में कर्मचारियों ने परियोजना अधिकारी को दिया ज्ञापन**

## औद्योगिक भ्रमण पर गांधी सेवाश्रम पहुंचे छात्र-छात्राएं



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/सबलगढ़, 3 फरवरी।** शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कुल्हौली में संचालित व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत अपेरियल ट्रेड के छात्र-छात्राओं ने गांधी सेवा आश्रम जौरा का शैक्षणिक एवं औद्योगिक भ्रमण किया।

भ्रमण कार्यक्रम का उद्देश्य अपेरल ट्रेड की छात्राओं को उद्योग आधारित स्व-रोजगार उपलब्ध कराकर आत्मनिर्भर बनाने के तरीके से परिचित कराना था।

**कुल्हौली हायरसेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने किया भ्रमण**

.भ्रमण के दौरान व्यावसायिक शिक्षिका नीलम शर्मा ने छात्र-छात्राओं को गांधी सेवा आश्रम जौरा में संचालित खादी ग्राम उद्योग की कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी दी गई।

विद्यार्थियों को आश्रम में खादी से निर्मित वस्त्र, कपड़े की बुनाई एवं कढ़ाई के कार्य की जानकारी दी गई। इसके साथ ही जैकेट, शॉल, साड़ियां, गमछे एवं विभिन्न प्रकार के वस्त्रों का निर्माण किया जाता है। गांधी सेवा आश्रम में पदस्थ लक्ष्मीनारायण शर्मा द्वारा छात्र-छात्राओं को पूरे उद्योग का भ्रमण कराया गया तथा खादी ग्राम उद्योग से जुड़ी अनेक जानकारियां दी गईं।

शिक्षिका नीलम शर्मा ने विद्यार्थियों को अपेरल ट्रेड के महत्व बताते कहा कि इस ट्रेड से जुड़कर छात्र-छात्राएं न केवल तकनीकी दक्षता प्राप्त करते हैं, बल्कि स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भर भारत की दिशा में भी आगे बढ़ सकते हैं।





# राजघाट पर डंप 30 लाख का सैकड़ों ट्रॉली रेत नष्ट कराया

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 3 फरवरी।** एनएच-44 पर स्थित चंबल नदी के राजघाट पर मंगलवार सुबह टास्कफोर्स ने भारी पुलिस बल के साथ रेत माफिया पर कार्रवाई के छापा मारा। हालांकि नदी घाट को छलनी कर रेत निकालने वाले लोग तो अपने ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर भाग गए। लेकिन नदी किनारे डंप सैकड़ों ट्रैक्टर-ट्रॉली रेत को छह जेसीबी की मदद से मिट्टी में मिलाकर खुर्दबुर्द किया गया। नष्ट कराए गए रेत की कीमत 30 लाख रुपए बताई जा रही है। कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने सुबह 6 बजे ही टास्कफोर्स (पुलिस-प्रशासन, वन व खनिज विभाग) की संयुक्त टीम को राजघाट पर कार्रवाई के लिए भेजा।

**मंगलवार तड़के 6 बजे टास्क फोर्स ने 6 जेसीबी मशीन के साथ कार्रवाई की**

**माफिया गायब, डंप सैकड़ों ट्रैक्टर-ट्रॉली रेत 6 जेसीबी से नष्ट कराया**

चंबल नदी के राजघाट पर बुधवार को कार्रवाई करने के लिए पहुंची टास्कफोर्स की टीम को रेत माफिया तो नहीं मिले लेकिन नदी किनारे सैकड़ों की संख्या में सैकड़ों ट्रॉली रेत मिला, जिसे छह जेसीबी की मदद से चार से पांच घंटे तक चली कार्रवाई के दौरान नष्ट कराया गया।

**इनका कहना है...**

चंबल नदी के राजघाट पर टास्कफोर्स को कार्रवाई के लिए भेजा था। यहां सैकड़ों ट्रैक्टर-ट्रॉली डंप रेत जेसीबी से मिट्टी में मिलाकर नष्ट कराया है।

**- लोकेश कुमार जांगिड़**
**कलेक्टर मुरैना**

# यात्री बस के ड्राईवरों में विवाद, बस में तोड़फोड़

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 3 फरवरी।** दो निजी यात्री बस के ड्राईवरों के बीच अपने-अपने वाहन को आगे निकालने को लेकर विवाद हो गया। इसी विवाद को लेकर एक बस के ड्राईवर ने मोबाइल फोन पर कॉल कर अपने दर्जनभर साथियों को बुलाया और दूसरी यात्री बस में तोड़फोड़ कर ड्राईवर के साथ मारपीट कर डाली। घटना मंगलवार की शाम अंबाह बायपास चौराहे के निकट एनएच-44 हाईवे पर होना बताई जा रही है।

**दर्जनभर से अधिक लोगों ने की मारपीट, हुआ समझौता**




जानकारी के अनुसार रामचंद्र बस सर्विस की निजी यात्री बस मंगलवार की शाम को मुरैना बस स्टैंड से खांडौली जाने के लिए रवाना हो रही थी। इसी समय बस स्टैंड से रवाना हो रही दूसरी बस के ड्राईवर भोलू तोमर से रामचंद्र बस सर्विस के ड्राईवर विपिन सिंह सिकरवार का विवाद हो गया। विवाद की वजह बस को आगे निकाले जाने को लेकर बहस होना बताया जा रहा है।

विवाद होने पर दूसरी बस के ड्राईवर भोलू तोमर ने मोबाइल फोन पर कॉल कर दर्जनभर की संख्या में अपने साथियों को झगड़े की सूचना दे दी। रामचंद्र बस सर्विस की यात्री बस जब एनएच-44 हाईवे पर अंबाह बायपास चौराहे के निकट पहुंचीं थी, तभी लाठी, डंडों से लैस होकर आए दर्जनभर से अधिक लोगों ने बस को घेरकर रोक लिया और डंडों से बस के शीशों को तोड़ना शुरू कर दिया। अत्याशित हमले से बस में सवार मुसाफिरों के बीच चीख-पुकार मच गई।

बस में बैठी महिलाएं और बच्चे भयभीत हो गए। हमलावरों ने बस के ड्राईपर विपिन सिंह सिकरवार की लाठी, डंडों से मारपीट भी की। सूचना मिलने के बाद सिविल लाईन थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। खबर लिखे जाने तक पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की थी। पुलिस के अनुसार दोनों पक्षों के बीच समझौता होने की कवायद चल रही थी।

# हिस्ट्रीशीटर ने दलित के साथ की अश्लील हरकत, मुर्गा बनाकर मारपीट

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/अंबाह, 3 फरवरी।** अंबाह में एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश और अनुसूचित जाति वर्ग के एक युवक का वीडियो वायरल हुआ है। जिसमें हिस्ट्रीशीटर बदमाश धर्मेंद्र तोमर उर्फ पुई निवासी रेतपुरा अंबाह रोड दलित युवक से पहले अपना प्राइवेट पार्ट हाथ में पकड़वाता है। इसके बाद उसे मुर्गा बनाकर कहता नजर आ रहा है कि बोल-तू रुपए देगा या नहीं। इतना ही नहीं बदमाश पीड़ित युवक को मुर्गा बनाकर उसके हिप्स में चांटा मारते हुए भी नजर आ रहा है।

**अंबाह क्षेत्र का मामला, वीडियो वायरल, एफआईआर दर्ज, आरोपी गिरफ्तार**

**हिस्ट्रीशीटर पर हत्या के प्रयास सहित 12 से अधिक केस दर्ज :** हिस्ट्रीशीटर धर्मेंद्र तोमर उर्फ पुई पर अंबाह थाना सहित कई अन्य थानों में हत्या के प्रयास, फायरिंग, मारपीट करने, रंगदारी वसूलने सहित एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। रजिस्टर्ड गुंडा की सूची में भी इसका नाम है।

**घटना छह महीने पुरानी, परिवार सहित अज्ञात जगह गया युवक**

हिस्ट्रीशीटर बदमाश द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के युवक को प्रताड़ित करने, उसके साथ अश्लीलता करने का वीडियो छह महीने पुराना बताया जा रहा है। हिस्ट्रीशीटर बदमाश के घर के पास ही रहने वाला पीड़ित युवक अपने परिवार सहित अज्ञात जगह चला गया है।

**इनका कहना है...**

हिस्ट्रीशीटर धर्मेंद्र तोमर उर्फपुई का अजा वर्ग के युवक को टॉर्चर करने का वीडियो सामने आया है। पुलिस ने खुद फरियादी बनकर आरोपी के विरुद्ध अजा की धाराओं में केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

**- रविप्रताप भदौरिया**
**एसडीओपी अंबाह**

## एक नजर में



### रेत का परिवहन कर रहे ट्रेक्टर-ट्रॉली जब्त, 1 गिरफ्तार

**मुरैना, 3 फरवरी।** कैलारस पुलिस ने चंबल नदी की रेत का अवैध रूप से परिवहन कर रहे एक ट्रेक्टर-ट्रॉली को कैलारस पुलिस ने जब्त किया है। जानकारी के अनुसार कैलारस थाना प्रभारी निरीक्षक वीरेश कुशवाह को मुखबिर से सूचना मिली के आधार पर चंबल नदी की रेत से भरे सोनालिका ट्रेक्टर-ट्रॉली को राजसात कर ड्राईवर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर ली है। कार्रवाई में निरीक्षक वीरेश कुशवाह, प्र.आर. गजेन्द्र सिंह, अजीत सिंह, आरक्षक विष्णु जाट, पवन जाट, प्रवीण मलिक, रवि यादव, विजयपाल आदि शामिल थे।

### फरार चल रहा पांच हजार का ईनामी विजय गिरफ्तार

**मुरैना, 3 फरवरी।** सिटी कोतवाली पुलिस ने आत्महत्या के लिए मजबूर किए जाने के मामले में फरार चल रहे विजय राठौर पुत्र रामवीर राठौर निवासी दीक्षित गली गोपालपुरा मुरैना को 3 फरवरी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आत्महत्या के लिए उकसाने के अपराध क्रं. 18/26 में आरोपी विजय राठौर घटना के बाद से ही फरार बना हुआ था। उसकी गिरफ्तारी पर मुरैना पुलिस की ओर से 5 हजार का ईनाम घोषित किया गया था। पुलिस ने विजय को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में निरीक्षक अमित सिंह भदौरिया, एसआई संजय बरैया, प्र.आर. शिवप्रताप, आरक्षक श्यामबिहारी, अशोक गुर्जर, प्रदीप मांझी आदि शामिल थे।

# विहिप की सामाजिक समरसता संगोष्ठी आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 3 फरवरी।** विश्व हिंदू परिषद की जिला इकाई के तत्वावधान में मंगलवार को सामाजिक समरसता संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जीवाजीगंज स्थित टाउन हॉल में किया गया। जिसमें विहिप के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री विनायक राव देशपांडे मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे।






कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता व प्रभु श्रीराम दरबार पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ हुई। कार्यक्रम का संचालन विभाग मंत्री रामसिंह मीणा ने किया। अतिथि परिचय जिला मंत्री धर्मेंद्र शर्मा द्वारा कराया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बाल्मीक मंदिर के महंत शिवदास महाराज ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त प्राचार्य बीआर दौनेरिया मौजूद रहे। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता विनायक राव देशपांडे ने संत रविदास, डॉ. भीमराव अंबेडकर और समाज के नवनिर्माण में बाल्मीक समाज के योगदान के बारे में बताया। इस अवसर पर प्रांत मंत्री नवल सिंह भदौरिया, प्रांत संगठन मंत्री सुरेन्द्र चौहान, प्रांत सह सामाजिक समरसता प्रमुख मुकेश गुप्ता, कमल दुबे, ओमकार राजपूत, श्रीमती रचना चौहान, मनोज सिंह, श्रीमती रेनू शिवहरे सहित जिला एवं प्रखण्डों के कार्यकर्ता उपस्थित थे। अंत में आभार प्रदर्शन विहिप जिलाध्यक्ष सुनील चावला ने व्यक्त किया।

# धोखाधड़ी के केस में 7 महीने से फरार हनीफ गिरफ्तार



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 3 फरवरी।** सिटी कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में बीते 7 महीने से फरार चल रहे हनीफ खान पुत्र सप्पो खान निवासी फतेहपुर सीकरी जिला आगरा यूपी को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि धोखाधड़ी की धाराओं में दर्ज अपराध क्रं. 413/2025 में नामजद हनीफ खान विगत 7 महीने से फरार चल रहा था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मंगलवार को उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। गिरफ्तार करने वाली टीम में निरीक्षक अमित सिंह भदौरिया, एसआई संजय बरैया, आरक्षक शिवप्रताप सिंह, श्यामबिहारी, अशोक गुर्जर, प्रदीप मांझी शामिल थे।

# फर्जी नामांतरण के केस में फरार पटवारी राहुल गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 3 फरवरी।** सरकार द्वारा एक्सप्रेस-वे के निर्माण के लिए अधिग्रहित की गई भूमि का फर्जी तरीके से नामांतरण किए जाने के मामले में आरोपी पटवारी राहुल शर्मा को कोतवाली पुलिस ने 3 फरवरी को गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार हिंगौना मौजा के अंतर्गत स्थित भूमि का सरकार द्वारा एक्सप्रेस-वे के निर्माण के लिए अधिग्रहण किया था। अधिग्रहण के संबंध में तत्कालीन हल्का पटवारी राहुल शर्मा भलीभांति वाकिफ थे, इसके बावजूद पटवारी राहुल शर्मा ने वर्ष 2023 में उक्त जमीन का किसी दूसरे व्यक्ति के नाम फर्जी तरीके से नामांतरण कर दिया था। जिसे लेकर वास्तविक भूमि स्वामी ने पुलिस में शिकायत की थी। आवेदन की जांच के बाद पुलिस ने पटवारी राहुल शर्मा के विरुद्ध धोखाधड़ी की धाराओं में अपराध दर्ज किया था। इस केस में पटवारी राहुल शर्मा फरार चल रहे थे। मंगलवार को कोतवाली पुलिस की टीम ने उसे दबोच लिया।

